हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

24 अगस्त 2026, समय 18:10

1. केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों से उत्पादों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करने का आग्रह किया।

2.हरियाणा के मुख्यमंत्री  नायब सिंह सैनी ने मुंबई में चल रहे 'हैपनिंग हरियाणा वैश्विक पूंजी निवेश अभियान  के तहत आज प्रमुख निवेशकों व उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ हरियाणा में निवेश पर चर्चा की।

3. मुख्यमंत्री  नायब सिंह सैनी ने महाराष्ट्र के  मुख्यमंत्री  देवेंद्र फडणवीस के साथ कई अहम और समसामयिक मुद्दों पर बातचीत की।

4. एकीकृत भुगतान इंटरफेस- यूपीआई ने अपने 10 साल पूरे किए।

5. जीवन कुंडू हत्याकांड में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गुजरात के जूनागढ़ से गिरफ्तार किया गया।

*********************************************************************

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना-पीएमएफएमई से अब तक दो लाख से अधिक व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम लाभान्वित हुए हैं। नई दिल्ली में आज पीएमएफएमई सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री पासवान ने कहा कि लाभार्थियों में करीब 80 प्रतिशत पहली बार उद्यम शुरू करने वाले लोग हैं और इनमें 44 प्रतिशत महिलाएं हैं।

उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों से उत्पादों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करने का आग्रह किया।

*********************************************************************

हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज मुंबई में चल रहे 'हैपनिंग हरियाणा 2.0' वैश्विक पूंजी निवेश अभियान  के तहत प्रमुख निवेशकों, वैश्विक निवेशक फर्मों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ गोलमेज कॉन्फ्रेंस की।

इस मौके पर हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी मौजूद रहे।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गत एक दशक में भारत ने असाधारण परिवर्तन देखा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार का लक्ष्य प्रदेश को ऐसा भरोसेमंद, उत्तरदायी और निवेश अनुकूल राज्य बनाना है, जहां निवेशकों को बेहतर कारोबारी अवसरों के साथ-साथ सरकार के साथ काम करने में विश्वास और सकारात्मक अनुभव मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बैठक के दौरान निवेशकों ने अपने अनुभवों के आधार पर कई महत्वपूर्ण और व्यावहारिक सुझाव दिए हैं। सरकार ने इन सभी सुझावों पर संबंधित विभागों के साथ मिलकर समय बद्ध कार्य योजना में बदलने का प्रयास किया जाएगा। भूमि, अनुमतियों और अन्य प्रक्रियाओं से संबंधित विषयों के सरलीकरण के लिए भी सरकार आवश्यक सुधार करेगी।

बैठक में निवेशकों द्वारा रक्षा क्षेत्र में निवेश और संभावनाओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस क्षेत्र की संभावनाओं को देखते हुए जल्द ही इस बारे नीति लाने पर विचार कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों को उनकी जरूरत के अनुरूप कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराना भी सरकार की प्राथमिकता है। हरियाणा सरकार ने आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों में उद्योगों के साथ मिल कर उनकी आवश्यकता के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षण देने की दिशा में कदम उठाए हैं। इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

मुख्यमंत्री ने निवेशकों को अगले वर्ष अप्रैल में हरियाणा में आयोजित होने वाले हैपनिंग हरियाणा वैश्विक निवेश सम्मेलन में भागीदारी करने का निमंत्रण भी दिया।

*****************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने मुंबई दौरे के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच कई अहम और समसामयिक मुद्दों पर सार्थक बातचीत हुई।

बैठक में काला अंब में तीसरे पानीपत युद्ध के शौर्य स्मारक के निर्माण को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। लगभग 16 एकड़ क्षेत्र में बनने वाले इस शौर्य स्मारक को लेकर हरियाणा और महाराष्ट्र सरकार सक्रिय भागीदारी के साथ कार्य कर रही हैं।

दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने और भावी पीढ़ियों तक वीरता एवं शौर्य की गाथा पहुंचाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर भी विचार-विमर्श किया।

********************************************************************

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने जींद के चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम 'खेल पर चर्चा' में विभागीय खेल नर्सरियों, प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों के साथ सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने खेल विज्ञान, डोपिंग रोकथाम, खेल प्रबंधन और नशा मुक्ति पर महत्वपूर्ण चर्चा की।

कार्यक्रम के बाद एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने सरकार की प्राथमिकताओं, खिलाड़ियों की समस्याओं और राजनीतिक मुद्दों पर खुलकर बात की।

खेल मंत्री ने बताया कि 'खेल पर चर्चा' नायब सिंह सैनी सरकार की एक ऐतिहासिक पहल है, ताकि सरकार और खिलाड़ियों के बीच सीधा संवाद कायम हो सके।

कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए खेल मंत्री ने कहा कि 1984 में निर्दोष सिख भाइयों के लोगों को जलाकर मारने वाले घिनौने अपराध के दोषियों के साथ खड़े होना बेहद निंदनीय है।"

*******************************************************************

भारतीय रिजर्व बैंक -आरबीआई की नियामक निगरानी के तहत भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा 25 अगस्त 2016 को शुरू किए गए एकीकृत भुगतान इंटरफेस- यूपीआई ने 10 साल पूरे कर लिए हैं।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि एक दशक के संचालन में, यूपीआई ने असाधारण प्रदर्शन किया है। वित्त वर्ष 2016-17 में केवल 1 करोड़ 78 लाख रुपये का वार्षिक लेनदेन वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 24,162 करोड़ से अधिक हो गया है। जो लगभग 13,000 गुना की वृद्धि है।

*******************************************************************

हरियाणा पुलिस ने जीवन कुंडू हत्याकांड में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गुजरात के जूनागढ़ से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में ₹50,000 का इनामी मुख्य आरोपी रमेश शर्मा भी शामिल है।

हिसार के सूर्यनगर निवासी जीवन कुंडू की 10–12 व्यक्तियों द्वारा 4 अगस्त को मारपीट कर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में हिसार में मामला दर्ज किया गया था।

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने कहा कि अपराध करने बाद फरार होकर कानून से बचने की कोशिश करने वाले अपराधियों को यह स्पष्ट संदेश है कि वे कहीं भी छिप जाएं, हरियाणा पुलिस की पहुंच से बाहर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि गंभीर एवं जघन्य अपराधों में शामिल किसी भी आरोपी को कानून के शिकंजे से बचने नहीं दिया जाएगा।

**********************************************************************